## सार-समाचार

### मेले में दूर-दराज से आएंगे पहलवान

**पाटन** । देवनारायण जयंती के अवसर पर ठाम मोकलवास स्थित भैरू बाबा मंदिर परिसर में आज रविवार को भव्य मेला एवं कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार रात्रि जागरण से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भैरू बाबा की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।रविवार को दिनभर मेले का आयोजन होगा, वहीं दोपहर बाद पारंपरिक कुश्ती दंगल आयोजित किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज के नामी पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन कर भाग्य आजमाएंगे। कुश्ती दंगल को लेकर ग्रामीणों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।इस आयोजन को लेकर सर्व समाज समिति मोकलवास के व्यवस्थापक संतराम भोपा ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि भैरू बाबा का मंदिर मोकलवास सहित आसपास के गांवों के लोगों की गहरी आस्था का केंद्र है और यहां हर वर्ष देवनारायण जयंती पर मेला व कुश्ती दंगल का आयोजन परंपरागत रूप से होता आ रहा है।मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन को लेकर गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**झुंझुनूं**, 24जनवरी। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वंदे मातरम एट 150 के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्राओं ने पूर्ण उत्साह से भाग लिया। संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने छात्राओं को वंदे मातरम गीत के इतिहास के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए, राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी एवं बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों को बढावा देना और लैंगिक भेदभाव को दूर कर, शिक्षा को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानूं ने बालिकाओं के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका समृद्धि योजना, कालीबाई भील स्कूटी योजना एवं विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों की विस्तृत जानकारी दी। ईएलसी प्रभारी पिंकेश ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता एनएसएस प्रभारी अंजू सैनी की देखरेख में संपन्न हुई।

### टोंक को 70 रन से हराया

**झुंझुनूं**, 24 जनवरी। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के तत्वावधान में 17 जनवरी से 26 जनवरी तक जयपुर में आयोजित राजस्थान आईटी लीग 2026 में झुंझुनूं आईटी स्टार्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टोंक टीम को 70 रन से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए झुंझुनूं आईटी स्टार्स ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाए। टीम की ओर से दिलीप ओलखा ने 40 रन, शेखर सैनी ने 32 रन तथा जोगेंद्र सिंह ने 30 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टोंक टीम झुंझुनूं के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम मात्र 14.4 ओवर में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। झुंझुनूं की ओर से विकास गुर्जर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। झुंझुनूं आईटी यूनियन के जिला अध्यक्ष एवं मैनेजमेंट कमेटी सदस्य वेद प्रकाश नूनियां ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम में मनोज पूनियां कप्तान, प्रमोद कुमार, दीपक बाबल, कपिल झाझड़िया, अजीत धायल, चंद्रशेखर, विकास सैनी, राकेश डांगी, राकेश कुमार, दिलीप ओलखा, आनंद कुमार, जोगेंद्र सिंह, संदीप सैनी एवं विकास गुर्जर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### बेटी जन्मोत्सव पर कार्यशाला

**चूरू** । जिला मुख्यालय स्थित इंडियन टीटी कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शनिवार को बेटी बचाओ व बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें घटता लिंगानुपात व समाज में बेटियों के महत्व पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय जागरूकता कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान एवं कोटपा एक्ट की जानकारी दी गई और बेटी बचाओ अभियान के तहत हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर खंड कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापत, बीएचएस गजेंद्र चौहान, डॉ. मुस्कान राजगढ़िया, डॉ. हिमांशी, एसएचएस सुनिता, भगवती डांगी, मंजू, अनुराधा मीणा, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण जिला प्रशिक्षक पारूल चोटिया, सेवानिवृत्त स्वास्थ्य निरीक्षक मुकारक खान, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रमा पुरोहित, बीएड व एसटीसी कॉलेज की छात्रा अध्यापिकाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता बिशनाराम हुड्डा ने किया। कॉलेज प्राचार्य अरुणा सहगल ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### भगवान देवनारायण की जयंती आज

**खिरोड़** । देवीपुरा गांव में स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में रविवार को भगवान देवनारायण की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। मंदिर पुजारी भोलाराम एवं बजरंगलाल ने बताया कि बताया कि देवनारायण जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान देवनारायण की विशेष पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता निवास कोली, अजय पटवारी, महेश कुमार मणकस एवं सुरेश फागणा ने बताया कि रविवार को ऊंट घोड़ी नृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें सैकडो श्रद्धालु प्रसाद ठाहण करेंगे।

### एक फरवरी को लगेगा कैंप

**झुंझुनूं**, 24जनवरी। निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर एक फरवरी रविवार को बाबा गंगाराम अतिथि भवन मोदी रोड में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक नर सेवा नारायण सेवा संस्थान झुंझुनूं के तत्वाधान में स्व. रामावतार मोदी एवं स्व. गीतादेवी मोदी की पुण्य स्मृति में मोदी परिवार के सहयोग से लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए ओमप्रकाश मोदी, संजीव मोदी, मुकेश गुप्ता एवं श्रीकांत पंसारी ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन योग्य मरीजों का निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। रोगियों के लिए दवाई, रहने, एवं खाने की सभी व्यवस्थाएं निशुल्क रहेगी।

### सफाईकर्मियों की हड़ताल जारी

**सरमथुरा** । कस्बे में सफाई कर्मचारियों की हडताल चौथे दिन भी जारी है। वेतन भुगतान की मांग को लेकर शुरू हुई हडताल के कारण कस्बे में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका प्रशासन ने सफाई कार्य का ठेका एक निजी फर्म को 9 लाख रुपए प्रति महीने पर दिया है। ठेकेदार द्वारा समय पर वेतन का भुगतान नहीं करने के कारण कर्मचारियों को हडताल पर जाने के लिए मजबूर होना पडा है सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के संबंध में कई बार अधिकारियों को सूचित किया है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कस्बे में फैली गंदगी से स्थानीय लोग चिंतित हैं। उनका मानना है कि यदि समय पर सफाई नहीं हुई, तो बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। कस्बावासियों ने ठेकेदार और प्रशासन से कर्मचारियों से बातचीत कर मामले को तुरंत सुलझाने और हडताल समाप्त करने की मांग की है।

### प्रमाण पत्र बांटे

**भरतपुर** (निस)। एनआईएमएसएमई एवं जिला उद्योग केंद्र डीग के संयुक्त तत्वावधान में रैंप प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय उद्यिमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन शनिवार को खण्डेलवाल धर्मशाला डीग में किया गया। प्रशिक्षण में शनिवार को दिलकुश मीना महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र डीग के निर्देशन में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की जानकारी देते हुए युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में अठासर होने का आ ान किया। कार्यक्रम प्रभारी बलवीर सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना, प्रबंधन, विपणन, वित्तीय साक्षरता एवं बैंक ऋण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि महाप्रबंधक दिलकुश मीना के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रशिक्षक सोहन सिंह सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# हनुमानजी की पूजा के साथ 40 दिवसीय फागोत्सव का आगाज

**मंडावा**, 24 जनवरी। यूं तो शेखावाटी की लोककला का ऐतिहासिक आयोजन मौके बे मौके देश प्रदेश व अंतराष्ट्रीय स्तर पर होते आए है तथा एक से बढ़कर एक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों की वाहवाही लूटते हैं तथा कार्यक्रम की शमां ऐसी बांधते हैं कि देखने वाले हर शख्स के कदम थिरकते नजर आते हैं। कुछ इसी तरह का एक विशिष्ट आयोजन हर वर्ष की भांति बसंत पंचमी शुरू होने वाले 40 दिवसीय कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में शेखावाटी अंचल की सुप्रसिद्ध लोककला ढप नृत्य का,जिसमें फागणियां, धमाल, ढप, बांसुरी की धुन पर थिरकेंगे, रंग रसिए। वैसे तो फाल्गुन के महीने काफी स्थानों पर कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं। बहुत से कलाकार सुदूर प्रदेशों में जाकर भी अपनी कला का शानदार नमूना पेश

- **इस आयोजन में शेखावाटी अंचल की सुप्रसिद्ध लोककला ढप नृत्य का,जिसमें फागणियां, धमाल, ढप, बांसुरी की धुन पर थिरकेंगे, रंग रसिए। वैसे तो फाल्गुन के महीने काफी स्थानों पर कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं। बहुत से कलाकार सुदूर प्रदेशों में जाकर भी अपनी कला का नमूना पेश करते हैं**

करते हैं। मंडावा की विश्व स्तर पर एक अनूठी पहचान रखने वाली कला ओर संस्कृति का समावेश देश विदेश के लोग लुत्फ उठाते हैं। इसी कडी में बसंत पंचमी से सर्व हितैषी व्यायामशाला के तत्वावधान में शुरू होने वाले 40 दिवसीय कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सर्वहितैषी व्यायामशाला के तत्वावधान में सैंकड़ों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा का निर्वहन करते हुए संस्था के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वाहितैषी व्यायामशाला के पुजारी दयाराम भाटीवाडा एवं पंडित शंकर मिश्रा के सानिध्य में भामाशाह रामस्वरूप देवड़ा, पूर्व पालिका अध्यक्ष सज्जनलाल मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, बाल भाटीवाडा ने धर्म ध्वज और बालाजी की पूजा कर धर्म ध्वज की स्थापना की। कार्यक्रमों के तहत प्रतिदिन अखाड़े में ढोल ताशे बजाकर युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ना ओर सैंकड़ों वर्षों से चली आ रही परंपराओं का निर्वहन करना है। शेखावाटी के मंडावा में बसंत पंचमी के साथ ही शुरू हुए फागोत्सव के कार्यक्रम चंग की थाप, ढोल ताशे के साथ शुरू हो गए हैं। मंडावा में फागोत्सव के कार्यक्रम सर्व हितैषी व्यायामशाला के सौजन्य से किए जाते हैं। इस 40 दिवसीय कार्यक्रमो के तहत एकादशी, पालिका चौक को आयोजित किए जाएंगे। जिसमें बड़ी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक भी शिरकत करते हैं। इस अवसर पर रामस्वरूप जोशी, पितांबर मिश्रा, पंकज पशुपति शर्मा, प्रफुल्ल भादूपोता, सुशील मौलासारिया, सुनिल जोशी, परमेश्वर चेजारा, पंकज पालड़ीवाला, जगदीश चौहान, सत्यनारायण शर्मा, प्रफुल्ल भादूपोता, सुरेंद्र पीपलवा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आयुर्वेदिक च्यवनप्राश बनाया

**झुंझुनूं**, 24जनवरी। राजस्थान आयुर्वेदिक नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा ढूकिया हॉस्पिटल कैंपस में सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षिणक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयुर्वेदिक नर्सिंग प्राचार्य डॉ. विवेक सिहाग, समस्त शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धित द्वारा च्यवनप्राश बनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आंवला, विभिन्न औषधीय जड़ी-बूटियों का उपयोग कर विधिवत तरीके से च्यवनप्राश बनाया।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती पर ओबीसी कांग्रेस की विचार गोष्ठी

**झुंझुनूं**, 24जनवरी। राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव के निर्देशानुसार जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर विद्यार्थी भवन जाट बोर्डिंग स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सुबह 11 बजे झुंझुनूं कांठोस ओबीसी विभाग द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस ओबीसी विभाग जिलाध्यक्ष संतोष सैनी ने बताया कि सामाजिक न्याय के शिल्पकार भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने सरकारी नौकरी में ओबीसी आरक्षण को लागू कर सामाजिक न्याय के क्षेत्र में

- **ओबीसी के उत्थान के लिए कर्पूरी ठाकुर जी का योगदान युगों-युगों तक याद रहेगा : संतोष सैनी**
- **कर्पूरी ठाकुर जी ने सरकारी नौकरी में ओबीसी आरक्षण को लागू किया था**

महत्वपूर्ण योगदान दिया था जो युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। कर्पुरी ठाकुर जी के विचारों और मूल्यों को आज युवाओं को अपने जीवन में अपनाना चाहिए ताकि सामाजिक सरोकार का सपना साकार हो। उनके योगदान की गाथा और सामाजिक न्याय के विचार जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश सचिव पंकज देग, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड, डीसीसी निवर्तमान महासचिव जगदीश पूनियां, ख्यालीराम, विश्वंभर, इमरान झुंझुनूं, शशांक चौधरी, साहिल, शैलेष, शौर्य, राजेश बाबल, सुभाष, नरेश सैन, राजेंद्र कुमावत आदि कांठोस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए अंतिम अवसर

**सीकर** । नगर परिषद सीकर द्वारा नगर क्षेत्र में सार्वजनिक सड़कों नालों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ईदगाह चौक से बुच्याणी व खटीकान प्याऊ फतेहपुर रोड तक रोड चौड़ाईकरण में चिन्हित किए गयें अतिक्रमण को स्वयं के स्तर हटाने के लिए सुचित किया गया हेतपरिषद द्वारा विभिन्न भवनों प्रतिष्ठानों में किए गए अतिक्रमण को चिन्हित किया गया है। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने संबंधित भवन स्वामियों एवं

- **निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा बिना सूचना के अतिक्रमण हटायेगा**

कब्जाधारियों को कहा कि जिन भवनों का अतिक्रमित भाग चिन्हित किया गया है वे तीन दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण हटा लें। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में नगर परिषद प्रशासन द्वारा बिना किसी अतिरिक्त सूचना के चिन्हित अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान होने वाले समस्त खर्च क्षित एवं विधिक दायित्व की जिम्मेदारी संबंधित भवन स्वामी कब्जाधारी की होगी उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध नीति अपनाई गई है। यह कार्रवाई सार्वजनिक हित यातायात व्यवस्था जल निकासी एवं नगर को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से की जा रही है। आमजन से सहयोग की अपील की गई है।

## मेगा पीटीएम- 3 का आयोजन

**रामगंजमंडी, ( निसं )**। शहर के श्री हीरा भाई परीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर जिला स्तरीय मेगा पीटीएम-3 का आयोजन शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार के सान्निध्य में 23 जनवरी शुक्रवार को उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री के ओएसडी रहे। कार्यक्रम में कोटा मंडल शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक श्रीमती आशा मंडावत, सीडीईओ कोटा गोपाल कृष्ण जोशी, डीईओ कोटा रामचरण मीणा ,खैराबाद ब्लॉक की ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमति कृति मेहरोत्रा का निर्देशन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वंदन,एवं वन्दे मातरम् से हुआ।

# स्पोर्टस मीट 2025 का शानदार आयोजन

**सीकर** । एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान में स्पोर्टस मीट 2025 का शानदार आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका के द्वारा ध्वजारोहण और मशाल प्रज्ज्वलन के साथ किया। संस्थान निदेशक ने बताया कि कि ऐसे खेल आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

इसके बाद खिलाड़ियों ने अनुशासन और एकता का संदेश देते हुए आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसके साथ ही सम्पूर्ण केशवानन्द परिसर खेल भावना से गूंज उठा। संस्थान में यह आयोजन बड़े ही उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। इस वार्षिक खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान पूरा परिसर जोश, उमंग और प्रतिस्पर्धा की भावना से सराबोर नजर आया।

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन सहित कई इनडोर और आउटडोर खेल शामिल रहे। प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीमवर्क और खेल भावना का बेहतरीन परिचय दिया। इस अवसर पर संस्थान चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह, कैम्पस हैड राहुल ढाका ने विजेता खिलाड़ियों को 467 मैडल वितरित किये जिनमें 198 गोल्ड मैडल, 186 सिल्वर मैडल एवं 83 ब्रांज मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रहा।

# 1650 विद्यार्थियों की नेत्र जांच की

**सीकर**। वर्धमान विद्या विहार सेकेंडरी स्कूल, बजाज रोड में ऑप्टिकल गैलेरी के सहयोग से आयोजित साप्ताहिक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 17 से 24 जनवरी तक चले इस विशेष कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 1650 विद्यार्थियों की आँखों की विस्तृत जांच की गई। यह शिविर शैक्षिणक संस्थानों और चिकित्सा सेवा प्रदाताओं के बीच सामाजिक जिम्मेदारी के सफल सहयोग का उदाहरण बन गया है, जिससे न सिर्फ विद्यार्थियों को तत्काल लाभ मिला, बल्कि उनमें स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ी है। आधुनिक उपकरणों से हुई जांच: शिविर में ऑप्टिकल गैलेरी, सीकर के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ डॉ. वसीम खान और डॉ. विजय गौतम ने अत्याधुनिक मशीनों व उपकरणों के माध्यम से बच्चों की नेत्र जाँच की। इस दौरान विद्यार्थियों को नेत्र स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण परामर्श भी दिए गए। संस्था अध्यक्ष दीपक संगही ने बताया कि यह शिविर स्कूली बच्चों के समठा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्था सचिव संजय संगही ने इस सामुदायिक पहल में ऑप्टिकल गैलेरी के सहयोग की सराहना की। सकारात्मक प्रतिक्रियाः संस्था प्रधान डॉ. मीनाक्षी भार्गव ने बताया कि अभिभावकों ने इस शिविर की भरपूर प्रशंसा की है, साथ ही बच्चों में भी स्वास्थ्य जांच को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रबंध समिति के अनुसार, इस पूरे सप्ताह चले शिविर में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया । मौके पर मौजूद प्रबंध समिति : इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया, सह-सचिव रितेश रारा, कोषाध्यक्ष सुशील काला सहित सदस्यगण सुनील पहाड़िया, प्रियंक गंगवाल, मनोज जैन, अमित पिराका, आदि मौजुद रहे।

## सूर्य कैलेंडर व थैले का विमोचन

**बीकानेर** ।माघ मास की शुक्ल सप्तमी 25 जनवरी रविवार को शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के वार्षिक पर्व सूर्य सप्तमी को निकलनी वाली भगवान सूर्य नारायण की रथ यात्रा के दौराण नरसिंग दास जीवणी देवी सेवग चैरिटेबल ट्रस्ट, गंगादास सेवग मेमोरियल ट्रस्ट व मारवाड़ी गूप्र द्वारा सुर्य भगवान वार्षिक कैलेंडर व संदेश लिखे प्लास्टिक् मुक्त थैले वितरण होगे । संयोजक तरुण भोजक ने बताया कि शनिवार को केलेंडर व थैलो का विमोचन बीजेपी जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ , शाकद्वीपीय महासभा के महामंत्री राजेश शर्मा व ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने किया। सुमन छाजेड़ ने कहाँ सामाजिक सरोकार के लिखे संदेश थेलो के माध्यम से जन जन तक पहुंचाना का कार्य करने पर संस्था कर रही है छाजेड ने यूवा नशे से दूर रहे कर अपने जीवन का सार्थक बनाये ।महामंत्री राजेश शर्मा ने कहाँ सूर्य भगवान के वार्षिक कैलेंडर से वर्ष भर की जानकारी उपलब्ध है ।

# अकेली महिला से छेड़छाड़, घर में घुसकर धमकियां; बुजुर्ग दहशत से अस्पताल में भर्ती

**पाटन** । सीकर जिले के डाबला थाना क्षेत्र के ठाम स्यालोदडा में टीवीएस क्रेडिट कंपनी के रिकवरी एजेंटों द्वारा की गई गुंडागर्दी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता गुलाबी देवी पत्नी धर्मेंद्र कुमार सैनी ने डाबला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि 16 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 1:15 बजे टीवीएस क्रेडिट का रिकवरी एजेंट अजय कुमार चौधरी अपने साथ 6-7 अन्य लोगों को लेकर बोलेरो गाड़ी से जबरन उनके घर में घुस आया।पीड़िता ने बताया कि घटना के समय वह घर पर अकेली महिला थी तथा घर में उसके बीमार सास-ससुर मौजूद थे। आरोपियों ने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के घर में घुसकर हंगामा किया, अश्लील भाषा का प्रयोग किया, गाली-गलौच की, छेड़छाड़ का प्रयास किया तथा जान से मारने और पूरे गांव में बदनाम करने की धमकियां दीं।आरोप है कि आरोपियों के आतंक और धमकियों से बुजुर्ग सास-ससुर की हालत बिगड़ गई और उनका ब्लड प्रेशर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया, जिसके चलते अगले दिन उन्हें जयपुर के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

पीड़िता का कहना है कि यह स्थिति सीधे तौर पर रिकवरी एजेंटों द्वारा उत्पन्न भय और मानसिक प्रताड़ना का परिणाम है।पीड़िता ने इस कृत्य को महिला की गरिमा पर हमला, गृह शांति भंग करना, आपराधिक भय उत्पन्न करना और बुजुर्गों के जीवन को संकट में डालने जैसा गंभीर अपराध बताया है। रिपोर्ट में अजय कुमार चौधरी निवासी नीमकाथाना, प्रमोद मीणा, शिव कुमार सैनी तथा 4-5 अन्य अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बताया गया है।पीड़िता ने पुलिस से सभी नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने तथा अपने परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।यह मामला निजी फाइनेंस कंपनियों के रिकवरी एजेंटों द्वारा कानून को हाथ में लेने की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर सवाल खड़े करता है और महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा करता है।

## सार-समाचार

### प्रशिक्षण केन्द्र में कंबल वितरित

**चूरू** । स्थानीय जिला नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में सराफ फाउंडेशन बेंगलुरु के आर्थिक सौजन्य व इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा चूरू की ओर से छात्रावास के लिये 60 कंबल प्रदान किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सराफ फाउंडेशन के प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद सराफ व विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रघुनंदन शर्मा, कोषाध्यक्ष बालकृष्ण बंशिया, सदस्य जगदीश शर्मा व शांतनु अठावाल थे। इस अवसर पर नर्सिंग अधीक्षक बजरंग हर्षवाल ने सराफ फाउंडेशन व रेडक्रॉस द्वारा जनहित में निरन्तर किये जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए इस पुण्य कार्य के लिए साधुवाद दिया। जगदीश शर्मा ने सराफ फाउंडेशन व रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किए जा रहे बहुमुखी कार्यों की जानकारी दी। सचिव रघुनंदन शर्मा ने निरन्तर सेवा कार्य करते रहने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर नर्सिंग केन्द्र की दिव्या चौधरी, विवेक थालोड़, महेंद्र गोपाल शर्मा, सुनीता प्रजापत, मंजू कालेर, कृष्णा व सरिता ख्यालिया ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बजरंग हर्षवाल ने किया।

### सीएचसी पिलानी का निरीक्षण

**झुंझुनूं**, 24 जनवरी। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिलानी का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. गुर्जर ने शीतलहर के चलते अस्पताल में ओपीडी आईपीडी मरीजों के लिए ठंड से बचाव के लिए कंबल, हीटर की व्यवस्था जांची। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता जांची और वार्डों में भर्ती मरीजों से बात कर सेवाओं का फीडबैक लिया। सीएमएचओ ने अस्पताल में मा योजना में पैकेज बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही संस्थागत प्रसव बढ़ाने को कहा। उन्होंने लाडो योजना के बकाया भुगतान करवाने और भविष्य में डिस्चार्ज के समय ही भुगतान करने के निर्देश। उन्होंने टीबी मरीजों के लिए स्क्रीनिंग के लिए टीम बनाकर स्क्रीनिंग कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीसीएमओ डॉ. राजेंद्रप्रसाद मौजूद रहे।

### खेतों में बर्फ की चादर जमी

**उदयपुरवाटी** 24 जनवरी। निसं। क्षेत्र में शनिवार को सुबह खेतों में बर्फ की चादर जम गई। दिन भर शीत लहर चलने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। किसान प्रकाश ओलखा ने बताया कि शीत लहर चलने से खेतों में सुबह बर्फ जम गई।सर्द हवाओं ने इलाके में ठीठूरन बढ़ा दी है। ठाामीण अंचल के इंद्रपुरा, गोरिया, चक नांगल,धनावता, जेतपुरा में सुबह बर्फ़ली हवाएं चली।शीतलहर चलने के कारण पेड़ पौधों की पत्तियां पीली पड़ गई।शीत लहर चलने के कारण सुबह हाड़ कंपा देने वाली ठंड रही। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। मौसम में गलन अधिक रहने से पशु पक्षी भी परेशान रहे। ठंड के कारण लोग दिन भर गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। बादल छाए रहने से सूरज की धूप कम रही। शाम को ठंड के कारण लोग अपने प्रतिष्ठानों से जल्दी ही घरों की ओर लौटने लगे गए।

### स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

**राजलदेसर** । राजलदेसर में पीएम श्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका विद्यालय में प्रधानाचार्य मोहन सिंह राठौर की अध्यक्षता में तथा गोनेट सीमेट विभाग के डीप्टी डायरेक्ट ओमप्रकाश विजय के मुख्य आतिथ्य मे हुए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एपीसी हरिप्रसाद शर्मा, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, मंत्री मदन दाधीच,जब्बार खोखर ,शरीफ छींपा,नबीबक्श , एडवोकेट जगदीश बलानिया, छगनलाल सैनी, महेंद्र शर्मा आदि मंचस्थ अतिथि रहे । कार्यक्रम को वाइस प्रिंसिपल इंद्र सिंह फगेड़िया, मोहनलाल,धर्मपाल बुगालिया,शरीफ छींपा मदन दाधीच,रतनलाल बारुपाल,शरीफ छींपा, आदि ने सम्बोधित किया आए हुए अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर ओमप्रकाश के सानिध्य में समस्त बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार व अन्य प्रतिभागियों का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया । कार्यक्रम में व्याख्याता महेश कुमार सांखोलिया,मनोज कुमार सारस्वत , रश्मि महर्षि, सरीता शर्मा, रमेश खीचड़,रामकिशोर , लोहिता झाझड़िया , वरिष्ठ अध्यापक शिशपाल, आंनद सिंह, अनिता मीणा, प्रमोद कुमार ओए,अशोक जाट,मीनू कुमारी वर्मा, नानूराम,योगेश्वरी शर्मा,आरती शर्मा,रोशनी छींपा ऋषिका सहारण, योगिता पुरोहित, मोनिका बारूपाल, कंचन लता पुरोहित, रचना पारीक व अन्य स्टाफ मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखा राम तालणिया ने किया।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया

**सवाई माधोपुर** । विभाग की विभाग संयोजक डागुर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यकताओं ने सभी अतिथियों का एबीवीपी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया मुख्य वक्ता कोतवाली थाने की हैंड कांस्टेबल ज्योति चौधरी ने कहा कि समाज सेवा तभी सार्थक है जब उसमें महिलाओं और बालिकाओं की समान भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि बालिकाएँ केवल परिवार की नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। नारी सशक्तिकरण कोई नारा नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशील चेतना का प्रतीक है, जो भारत को समावेशी और प्रगतिशील दिशा प्रदान करता है। साथ ही चौधरी ने पुलिस प्रशाशन की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। एबीवीपी जिला कोषाधिकारी गुरुदत्त जी ने कहा कि बालिका समाज की जीवंत शक्ति है। शिक्षित और आत्मनिर्भर बालिका आज विज्ञान, प्रशासन और नेतृत्व के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। यह परिवर्तन समाज की सोच में आए सकारात्मक बदलाव का परिणाम है। प्रांत कार्यकारणी सदस्य नैना सैनी ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस आत्ममंथन का अवसर है। हर बालिका में सृजन और परिवर्तन की अपार शक्ति निहित है। जब वह शिक्षित और आत्मनिर्भर बनेगी, तभी राष्ट्र अपने वास्तविक सामर्थ्य तक पहुँचेगा। उप प्राचार्य कुम्हेर सिंह डागुर ने कहा कि बेटियां देश का भविष्य है तथा उनसे देश की समृद्धि तय होती है। राष्ट्र की प्रगति प्रशिक्षित और शिक्षित माताओं के बिना असंभव है। संगोष्ठी में तहसील संयोजक रिंकी सैनी, इकाई सचिव कविता कुमारी, नगर सह मंत्री अदिति सोनी, यश दत्तात्रेय,सहित अनेक शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन राजकीय कन्या महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष अनुष्का सैन द्वारा किया गया।

### परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सम्मानित

**सरमथुरा** । कस्बे के पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अल्का श्रीवास्तव, सीबीईओ हंसराज मीणा और भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी अल्का श्रीवास्तव ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीबीईओ हंसराज मीणा ने छात्राओं से बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम देने का आ ान किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी और छात्राओं को उनका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली, राज्य स्तर पर खेलने वाली और अनुशासित छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## मां सरस्वती की पूजा

**जुरहरा, भरतपुर** (निस)। क़स्बे के राजकीय बाबूनाथ स्वामी सीनियर विद्यालय में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन करते हुए बसन्त पंचमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रांगण में स्थित मां सरस्वती के मंदिर में सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रचलित कर पूजा अर्चना की गई व उपस्थित छात्रों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच लक्ष्मण साहू, डॉ. महेशचंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रपत्र सं. 7 ( देखिए नियम 21 )
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस
मुकदमा नं. 12/2026/123 दिनांक 16.01.2026
सर्वसाधारण को सूचनार्थ।
नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )
चूंकि सेल्वी बगड़ा पुत्री श्री मुकेश कुमार बगड़ा, वार्ड न. 10 सरावगी रोड, सुजानगढ, चुरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत चित्रा निर्मल सेठिया एजुकेशनल एकेडमी, सुजानगढ जिला चुरू प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है। अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 16.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.03.2026 नियत है।
सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर